भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या2646**

जिसका उत्तर 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है ।

20 अग्रहायण, 1946 (शक)

## आईटी हार्डवेयर का उत्पादन

**2646.श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:**

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश विशेषकर बापटला संसदीय क्षेत्र के राज्य-वार और जिला-वार कुल कितनी मात्रा और मूल्य के अनुसार आईटी हार्डवेयर आयातित, घरेलू रूप से उत्पादित और निर्यात किया गया;

(ख) भारत में आईटी हार्डवेयर के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या योजनाएं हैं;

(ग) महिला और युवा केंद्रिय कौशल प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है और लाभार्थियों की कुल संख्या का राज्य-वार और आंध्र प्रदेश विशेषकर बापटला संसदीय क्षेत्र सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार और आध्र प्रदेश में बापटला संसदीय क्षेत्र सहित जिला-वार आईटी हार्डवेयर विनिर्माण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित एमएसएमई की कुल संख्या कितनी है; और

(ङ) महिला उद्यमियों को आईटी हार्डवेयर विनिर्माण पर केंद्रिय एमएसएमई/व्यवसाय स्थापित करने के लिए क्या विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं और इसके लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ राज्य-वार और जिला-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई हैं?

**उत्तर**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

(**क**) से **(ड.):** पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में निर्यातित, आयातित औरघरेलू स्तर पर उत्पादित आईटी हार्डवेयर का ब्यौरा निम्नानुसारहै:

| वर्ष | निर्यात (मूल्य) ($ मिलियन)* | निर्यात (आयतन)* | आयात (मूल्य) ($ मिलियन)* | आयात (मात्रा मिलियन में)* | उत्पादन (मूल्य) ($ मिलियन)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **2019-20** | 106 | 775,022 | 5,352 | 10.2 | 2986 |
| **2020-21** | 123 | 1,044,253 | 7,219 | 13.2 | 3009 |
| **2021-22** | 159 | 1,267,634 | 10,382 | 26.9 | 3973 |
| **2022-23** | 221 | 578,967 | 8,785 | 12.9 | 4548 |
| **2023-24** | 372 | 691,368 | 8,129 | 12.8 | 4928 |

*(स्रोत: डीजीसीआईएस)

** (स्रोत: उद्योग अनुमान)

आईटी हार्डवेयर के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने दिनांक29.05.2023 को 17,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 2.0 को अधिसूचित किया है। यह योजना भारत में निर्मित और लक्षित खंड के अंतर्गत आने वाले सामानों की निवल वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष की तुलना में) पर पात्र कंपनियों को 6 साल की अवधि के लिए लगभग 5% का औसत प्रोत्साहन प्रदान करती है। लक्षित खंड के उत्पादों में लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर शामिल हैं।

इन पहलों के परिणामस्वरूप, इलेक्ट्रॉनिकी का घरेलू उत्पादन वित्त वर्ष 2019-20 में 5,33,550 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 9,52,200 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें लगभग 16% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर ('सीएजीआर') है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिकी क्षेत्र में लगभग 25 लाख रोजगार (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) सृजित किए गए हैं।

सरकार ने ईएसडीएम क्षेत्र में कौशल विकास के लिए दो योजनाओं अर्थात "इलेक्ट्रॉनिकी सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) क्षेत्र में कौशल विकास के लिए चुनिंदा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता की योजना"

(योजना-1) और "डिजिटल इंडिया के लिए ईएसडीएम में कौशल विकास" (योजना-2) को मंजूरी दी है,ताकि पूरे देश में ईएसडीएम क्षेत्र के विकास के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण किया जा सके।इन दोनों योजनाओं का कार्यान्वयन प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसियों अर्थात भारतीय इलेक्ट्रॉनिकी क्षेत्र कौशल परिषद (ईएसएससीआई), दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद (टीएसएससी), राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) द्वारा उनसे संबद्ध प्रशिक्षण भागीदारों के समन्वय से किया जा रहा है। इन योजनाओं के अंतर्गत अब तक 4,93,926 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 3,72,834 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है। कुल प्रमाणित उम्मीदवारों में से 1,44,051 महिलाएं हैं। आन्ध्र प्रदेश के संबंध में जिला-वार आंकड़े **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 के तहत 8 एमएसएमई लाभ उठा रहे हैं। इन एमएसएमई का राज्यवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 एक अखिल भारतीय पहल है और इस योजना से होने वाले लाभ किसी विशेष लिंग या किसी भूगोल तक सीमित नहीं हैं। इस योजना के तहत निवेश और उत्पादन सीमा हासिल करने पर कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाता है।

********

**अनुबंध-I**

## आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार आंकड़े

| क्र. सं. | ज़िला | प्रशिक्षित किए गए | प्रमाणित किए गए | रखे गए |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनंतपुर | 1043 | 1004 | 537 |
| 2 | चित्तूर | 2713 | 2497 | 1973 |
| 3 | कडप्पा | 582 | 245 | 140 |
| 4 | पूर्वी गोदावरी | 740 | 540 | 342 |
| 5 | गुंटूर | 1536 | 1399 | 1073 |
| 6 | कृष्ण | 1945 | 1851 | 1482 |
| 7 | कुरनूल | 929 | 865 | 539 |
| 8 | नेल्लोर | 662 | 600 | 161 |
| 9 | प्रकाशम | 237 | 85 | 0 |
| 10 | श्रीकाकुलम | 265 | 163 | 129 |
| 11 | विशाखापत्तनम | 586 | 430 | 103 |
| 12 | विजयनगरम | 270 | 227 | 227 |
| 13 | पश्चिमी गोदावरी | 479 | 391 | 151 |
| 14 | * सभी जिले | 10383 | 6918 | 1492 |
| **कुल** | | **22,370** | **17,215** | **8,349** |

**अनुबंध- II**

## आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 के अंतर्गत इन एमएसएमई का राज्यवार विवरण

| क्र. सं. | कंपनी का नाम | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | सहस्र इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशंस लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 2. | मेगा नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र |
| 3. | प्लमेज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | पांडिचेरी |
| 4. | एचएलबीएस टेक प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश |
| 5. | पैनाचे डिजिलाइफ लिमिटेड | महाराष्ट्र |
| 6. | आरडीपी वर्कस्टेशन्स प्राइवेट लिमिटेड | तेलंगाना |
| 7. | आईएनपी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र |
| 8. | सैनक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |

*******